two sub-groups i.e. Joint Planning Group and Joint Action Group. The sub-groups have identified and prioritised the strategic systems with a view to boosting the self-reliance.

सेना में हरिजनों और अन्य पिछड़ी जातियों से संबंधित व्यक्तियों की भर्ती

4161. **श्री नागमणि :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हरिजनों और पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को कमजोर समझकर उन्हें सेना में आरक्षित पदों पर भर्ती नहीं किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) सेना में उनका आरक्षण करके उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एन.वी.एन.सोमू): 9क) और (ख) सेना में भर्ती जाति, पंथ या धर्म का विचार किए बिना समाज के सभी वर्गों के लिए खुली है बशर्ते लि वे निर्धारित किए गए शारीरिक, चिकित्सीय और शैक्षिक मानदंड पूरे करते हों।

(ग) संक्रियात्मक दक्षता का सर्वोच्च स्तर बनाए रखने के लिए रक्षा सेनाओं में नियुक्तियां और चयन पूर्णत: मैरिट के आधार पर किए जाते हैं और जाति,समुदाय, क्षेत्र या वर्ग के आधार पर कोई आरक्षण नहीं दिया जाता है।

Delay in Procurement of AJT Aircraft

4162. SHRI S.M. KRISHNA: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the newsitem wheih appeared in the Tribune dated 24th April, 1997 regarding urgency of induction of Advanced Jet Trainer;

(b) whether it is a fact that Standing Committee on Defence has in its recent report to parliament, criticised Government for delay in acquiring Advanced Jet Trainers even though the requirement thereof was felt long back, in 1984; and

(c) the reasons for delaying the decision and whether Government have reviewed its decision; if so, by when the AJTs would be procured?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI N.V.N. SOMU): (a) and (b): Yes, Sir.

(c) The commercial negotiations with the shortlisted vendors are in progress. The acquisition of AJT has been projected in the 9th Plan.

गुजरात में रक्षा उत्पादन एककों की स्थापना

4163. **श्री चीमन भाई हरी भाई शुक्ला :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा राज्यों में स्थापित किये जा रहे रक्षा उत्पादन संबंधी एककों के संबंध में नीति, क्या है;

(ख) क्या इस संबंध में कुछ राज्यों के साथ पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या गुजरात भी इन अपेक्षित राज्यों में से एक है और आजादी के 50 वर्षों बाद भी राज्य में कोई भी बड़ा एकक स्थापित नहीं किया गया है;

(घ) क्या राज्य की विपुल संपत्ति की घोर अवहेलना की जा रही है तथा सरकार कुछ राज्यों को ही महत्व दे रही है; और

(ड.) यदि हां, तो गुजरात के संबंध में रक्षा मंत्रालय का दृष्टिकोण क्या है?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एन.वी.एन.सोमू): (क) से (ड.) एक नए रक्षा उत्पादन यूनिट को स्थापित करने की आवश्यकता को स्वीकार करने पर भू-सामरिक, तकनीकी आर्थिक और प्रशासनिक विचारों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित सरकारी नीति के अनुसार उसके वास्ते स्थान का चयन किया जाता है। प्रस्तावित नए यूनिट के स्थान के लिए राज्यों का चयन करने के वास्ते लोक उद्यम ब्यूरों द्वारा नई परियोजनाओं के लिए स्थानों के चयन पर जारी किए गए दिशानिर्देशों को भी सरकार ध्यान में रखती है। उसके बाद नई यूनिटों की परिहार्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इन चुने हुए राज्यों से यह अनुरोध किया जाता है कि वे प्रस्तावित